ment of plots for auction, the Delhi Development Authority are also developing plots for allotment to the low and middle income groups. Besides, the tenements built by the Delhi Development Authority are allotted only to persons belonging to low and middle income groups.

भारतीय विदेश सेवा में कमियां

4519. श्री अटल बिहारी वाजपेयी : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 18 अप्रैल, 1971 के "संडे स्टैण्डर्ड" में प्रकाशित, भूतपूर्व विदेश सचिव श्री के० पी० एस० मेनन द्वारा लिखित लेख की ओर दिलाया गया है जिसमें उन्होंने विदेश सेवा की कमियां बताई हैं; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

विदेश मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री सुरेन्द्र पाल सिंह) : (क) जी हां।

(ख) 19 वर्ष पहले जो त्रुटियां ध्यान में आई थीं वे प्रशिक्षण, अनुभव, मार्गदर्शन, सेवा-परिस्थितियों को युक्तिसंगत बनाकर, प्रशासनिक व्यवहारिकता को सरल और आचार नियम बनाकर आहिस्ता आहिस्ता दूर कर दी गई हैं।

मुगलसराय और आसनसोल के बीच ग्रांड ट्रंक रोड पर पेट्रोल पम्पों में डीजल और पेट्रोल की कमी

4520. श्री शंकर दयाल सिंह : क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि मुगलसराय और आसनसोल के बीच ग्रांड ट्रंक रोड पर कार्य कर रहे पेट्रोल-पंपों में डीजल और पेट्रोल की अत्यधिक कमी है ; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार ने अब तक क्या कार्यवाही की है ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) और (ख). पूर्वी क्षेत्र में रेल परिवहन की उपलब्धता में कठिनाइयों के साथ रोड टैंक ट्रकों, जिनमें से कुछ ट्रकों को शरणार्थियों के भारी संख्या में आने से उत्पन्न हुई बहुत अधिक मांगों को पूरा करने के लिए प्रयोग में लाया जा रहा है, की उपलब्धता में कटौती के कारण मुगलसराय और आसनसोल के बीच ग्रांड ट्रंक रोड पर फुटकर विक्रय पम्पों पर हाई स्पीड डीजल तेल की कुछ कमी हुई है। उक्त कारणों से पेट्रोल की कमी से कुछ पृथक मामले भी घटित हुए हैं। परन्तु ये कमियां अधिक विकीर्ण प्रकार की है और इन्हें संगीन नहीं माना जा सकता। स्थिति को सामान्य बनाने के लिए रेलवे बोर्ड के परामर्श से विशेष उपाय अपनाये गये हैं।

यंत्र अनुसंधान विकास संस्थान रायपुर, देहरादून (उत्तर प्रदेश) में उत्पादन में कमी

4521. श्री मुल्की राज सैनी : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गत वर्षों की तुलना में यंत्र अनुसंधान विकास संस्थान, रायपुर, देहरादून (उत्तर प्रदेश) में इस वर्ष उत्पादन 50 प्रतिशत अथवा इससे भी कम हुआ है ;

(ख) क्या उत्पादन में कमी होने के कारण इस संस्थान में तैयार किए जाने वाले यंत्र निजी फर्मों से खरीदे जा रहे हैं ;

(ग) उक्त संस्थान के उत्पादन में कमी हो जाने के क्या कारण हैं ;

(घ) उक्त संस्थान की पूर्ण उत्पादन क्षमता क्या है ; और

(ङ) जिन कारणों से पूर्ण उत्पादन क्षमता का उपयोग नहीं किया जा सका क्या सरकार उनके बारे में जांच करायेगी ?